हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–164 : जौनपुर, शुक्रवार 19 अगस्त 2022 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तीन साल पहले ही मेडिकल कॉलेज मिल जाना चाहिए था : मैं मुख्य सचिव को साथ लेकर आया हूं – सीएम योगी

बलिया ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बलिया दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह बलिया पहुंचकर बलिदान दिवस पर क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, बलिया को तीन साल पहले ही मेडिकल कॉलेज मिल जाना चाहिए था। इसलिए मैं आज मुख्य सचिव को साथ लेकर आया हूं। वो यहीं पर पढ़े हैं। शाम तक यहां रहेंगे और क्रांतिकारियों की स्मृति में मेडिकल कॉलेज देकर जाएंगे। सीएम योगी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का नाम लेते हुए कहा कि यहां एयरपोर्ट जैसा रोडवेज स्टेशन बनाइए और कुछ इलेक्ट्रिक बसें भी चलवाएं। शिक्षकों से भी अपील की– यहां की गांव–गांव की क्रांति को पुस्तक का रूप दें। हम उसे प्रकाशित कराएंगे। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बलिया के क्रांतिकारियों के बलिदान ने जनपद को नई पहचान दी। बलिया पौराणिक स्थल का प्रतीक है। यहां एक तरफ मां गंगा तो दूसरी तरफ मां सरयू का पवित्र संगम है। अंग्रेजों ने भारतीयों पर क्रूरता की। उन्हें बैरकपुर की छावनी में मारकर जलाने का काम बलिया के लाल मंगल पांडेय ने किया। गांधी जी ने भारत छोड़ो आंदोलन का एलान किया तो चित्तू पांडेय के नेतृत्व



में यहां का तूफान आगे बढ़ा। आजादी के अमृत महोत्सव जैसे कार्यक्रम हमें प्रेरणा प्रदान करते हैं। 1942 में तो बलिया ने अपने आप को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। 50 हजार लोगों ने जेल पर धावा बोलकर चित्तू पांडेय आदि को आजाद करा लिया था। मुख्यमंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। कोरोना काल में प्रधानमंत्री के अच्छे मैनेजमेंट का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आने वाले दिनों में विश्व में नेतृत्वकर्ता के रूप उभर कर सामने आएगा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस–से लिंक कर ढाई घंटे में लखनऊ पहुंचाएंगे।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल लखनऊ नगर इकाई की कार्यकारिणी का 20 अगस्त को होगा चुनाव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल लखनऊ की द्विवार्षिक कार्यकारिणी 2022 –24 के चुनाव के लिए जे सी गेस्ट हाउस, निराला नगर में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के सदस्यों की आम सभा की बैठक बुलाई गई है चुनाव संचालन समिति के सदस्य अविनाश त्रिपाठी, पवन जयसवाल एवं मोहम्मद अफजल ने बताया 20 अगस्त ,शनिवार को जे सी गेस्ट ,हाउस निराला नगर में संगठन की आम सभा की बैठक बुलाई गई है आम सभा की बैठक में आम सहमति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। चुनाव संचालन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया वर्ष 2022–24 की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष–1, वरिष्ठ उपाध्यक्ष– 25, उपाध्यक्ष –50, महामंत्री–8, कोषाध्यक्ष–1, संगठन मंत्री –10 मंत्री –20, संयुक्त मंत्री– 25, प्रचार मंत्री–2 ,विधि सलाहकार 5 (विभिन्न क्षेत्रों से) होंगे।

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वनरक्षक एवं वन्य जीव रक्षक चयन हेतु बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वनरक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के सामान्य चयन प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2019 के प्रक्रियानुसार, सकुशल निर्विघ्न, निष्पक्षतापूर्ण संपन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने बताया कि जनपद में परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जनपद में 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 10 से 12:30 तक आयोजित होनी है जिसमे कुल 17352 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। सकुशल परीक्षा संपन्न कराने हेतु 36 स्टैटिक मजिस्ट्रेट 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने कहा परीक्षा के दौरान नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी और न ही किसी भी तरह की लापरवाही। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षक एडमिशन कार्ड की सख्ती से जांच करें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें, साथ ही यह अवश्य देख लें कि परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा विद रिकॉर्डर, विद्युत व्यवस्था के अतिरिक्त पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्था कर लें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली जाए, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता। सुनिश्चित कर ली जाए।

## हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा वर्ष 2022 हेतु आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षाएं 27 अगस्त को होगी

जौनपुर सूवि. : जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव ने अवगत कराया है कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा वर्ष 2022 हेतु आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षाएं 27 अगस्त 2022 (दिन शनिवार) को संपादित कराई जाएगी। हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा 27अगस्त 2022 प्रातः पाली में 08:00 से 11:15 बजे तक, इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा 27अगस्त 2022 सायं पाली में 02:00 से 05:15 बजे तक। हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं राजकीय बालिका इण्टर कालेज जौनपुर एवं रजा डी०एम० (शिया) इण्टर कालेज जौनपुर परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी/केन्द्र व्यवस्थापक/ अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त वाह्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। केन्द्र व्यवस्थापक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे, जिससे कि परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाये। इसी प्रकार परीक्षा समाप्ति के पश्चात् भी ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। परीक्षा कक्ष के भीतर परीक्षार्थियों को मोबाइल अथवा किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाना पूर्णतया वर्जित रहेगा। परीक्षा अवधि में कक्षों में वाइस रिकार्डर युक्त सी०सी०टी०वी० कैमरे एवं राउटर आदि पूर्णतया क्रियाशील रहेगें। परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के रख–रखाव की समग्र व्यवस्था मुख्य परीक्षा की भांति डबल लॉक युक्त आलमारी में ही की जायेगी, इसके साथ ही इन्हे सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं सह केन्द्र व्यवस्थापक के समक्ष सी०सी०टी०वी० कैमरे की निगरानी में खोला जायेगा। सम्बन्धित परीक्षार्थी परिषद की वेबसाइट www.upmsp.edu.in से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर अथवा पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथि को परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँच जाय, जिससे परीक्षार्थियों को सुनियोजित एवं नियंत्रित ढंग से परीक्षा कक्षों में बैठाये जाने की व्यवस्था करायी जा सके।

## केंद्र के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन : दूसरे दिन उमड़ी दोगुनी भीड़ : मंडी परिसर हुआ फुल

लखीमपुर खीरी ब्यूरो : संयुक्त किसान मोर्चा के मंडी परिसर में चल रहा 75 घंटे के धरने के दूसरे दिन पहले दिन के मुकाबले किसानों की दोगुनी भीड़ उमड़ी, जिससे सभी टीन शेड फुल हो गए। वहीं, किसानों ने जगह जगह लंगर और रुकने के लिये टेंट लगा लिया। इतनी भीड़ उमड़ी की जंच से बाहर भी हजारों किसानों की भीड़ वक्ताओं को सुनने के लिए लगी रही। धरने के दूसरे दिन मंच पर पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि प्रशासन को पहले ही कहा गया था कि इतनी भीड़ उमड़ेगी कि यहां तिल रखने की जगह नहीं बचेगी लेकिन फिर भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलो में भी धरना जारी है और उन्हें धरना जारी रखने के लिए कहा गया है। साथ ही यह भी कहा कि धरना जारी रखें कभी भी जरूरत पड़ सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों में मुख्यालय पर धरना दे रहे किसानों को यहां आने के लिए नहीं कहा गया है। 75 घंटे तक चलेगा धरना भारती किसान यूनियन (एकता उगराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने बुधवार को पंजाब से लखीमपुर रवाना होने से पहले कहा कि वे एसकेएम के आह्वान पर लखीमपुर खीरी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम वहां 75 घंटे तक चलने वाले धरने में हिस्सा लेंगे। एकता उगराहां के महासचिव सुखदेव सिंह कोकरीकलां ने कहा कि महिलाओं समेत लगभग 2,000 किसान विरोध प्रदर्शन में भाग लेने उत्तर प्रदेश जा रहे हैं। उधर, बीकेयू (दोआबा) के अध्यक्ष मनजीत सिंह राय का कहना है कि पंजाब के 10,000 किसान विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। कुछ ट्रेनों में जा रहे हैं और कुछ अपने वाहनों से जा रहे हैं। बता दें कि मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गिरफ्तार किया गया था। लखीमपुर खीरी में पिछले साल तीन अक्तूबर को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध करते वक्त चार किसानों



समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार के समक्ष निम्न मांगें रखी लखीमपुर खीरी जिला के तिकुनियां में चार किसानों और एक पत्रकार की हत्या करने की साजश रचने के मामले में उप गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए और गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए। लखीमपुर खीरी हत्याकांड में 'निर्दोष होते हुए भी' जेल में बंद किसानों को तुरन्त रिहा किया जाए और उनके ऊपर मढ़े केस तुरन्त वापस लिए जाएं। सभी फसलों के ऊपर स्वामीनाथन कमीशन के द्वारा सी–2.50: के फार्मूला से एमएसपी की गारंटी और सभी फसलों की बिकवाली एमएसपी के ऊपर होने की गारंटी करने वाला कानून केंद्र सरकार द्वारा बनाया जाए। किसान आन्दोलन के दौरान केन्द्र शासित प्रदेशों व अन्य राज्यों में जो केस किसानों के ऊपर लाद दिए गए थे वो तुरंत वापस लिए जाएं। बिजली बिल 2022 वापस लिया जाए। भारत के सभी किसानों के सर पर चढ़े कर्ज को एक बार लकीर मार के एकमुश्त कर्ज मुक्त किया जाए। उत्तर प्रदेश की खंड मिलों की तरफ जो किसानों की बकाया राशि है वो तुरंत जारी की जाए। वर्षों से जंगल को आबाद कर देश के विभिन्न प्रांतों से लखीमपुर एवं अन्य जनपदों से आकर बसे किसानों को जमीन से बेदखघ्ल करने के नोटिस देने बंद किए जाएं।

## प्रयागराज में मां गंगा ने बड़े हनुमान को कराया स्नान : भागीरथी और बजरंग बली के गूंजे जयकारे

प्रयागराज ब्यूरो : उफनाई गंगा की लहरों ने बृहस्पतिवार की रात संगम स्थित बड़े हनुमान का अभिषेक किया। गर्भगृह में मां गंगा के प्रवेश करने के साथ ही गगनभेदी जयकारे गूंजने लगे। महंत बलवीर गिरि ने पुजारियों,सेवादारों और भक्तों की मौजूदगी में मां गंगा का दुग्धाभिषेक करने के बाद सविधि आरती की। इसी के साथ तटवर्ती इलाकों में बाढ़ ने दस्तक दे दी है। जिला प्रशासन ने 99 बाढ़ चौकियां स्थापित करते हुए राहत और बचाव कार्य के लिए सतर्क रहने का निर्देश जारी किया है। कोटा बैराज से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गंगा–यमुना में उफान आ गया है। बृहस्पतिवार को फाफामऊ में गंगा सात सेंमी प्रतिघंटा और नैनी में यमुना चार सेंमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ती रहीं। रात करीब 11:30 बजे मां गंगा ने बड़े हनुमान को स्नान कराया। इसी साथ मां गंगा और बड़े हनुमान के जयकारे गूंजने लगे। महंत बलवीर गिरि ने बड़े हनुमान की को नया श्वेत वस्त्र धारण कराया। इसी के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर सविधिा पूजा, आरती की गई। उधर, बेली कछार के अलावा शिवकुटी, बघाड़ा और सलोरी में गंगा ने दस्तक दे दी है। कहा जा रहा है कि जल स्तर इसी तरह बढ़ा तो कछारी इलाकों में घर बनाने वालों के सामने मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रामघाट,काली घाट डूब गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक रात आठ बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 81.56 मीटर दर्ज किया गया। इसी तरह छतनाग में गंगा 80.81 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 81. 47 मीटर रिकार्ड किया गया। रात में सड़क संग डूब गई नाव, हटानी पड़ीं दुकानें। गंगा के जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ संगम क्षेत्र में दुकानें भी बांधा की तरफ बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में दुकानें उजाड़ने एवं सामान हटाने का सिलसिला वहां लगातार जारी है। हनुमान मंदिर से संगम टावर के बीच तो दर्जनों दुकानें बाढ़ के पानी में डूब गई हैं। किला घाट पर रात में जल स्तर



में बढ़ोतरी के साथ एक नाव भी डूब गई। नाव पर रखा सामान हटाने की जद्दोजहद में जुटे नाविक अमन निषाद का कहना था कि उन्हें अनुमान नहीं था कि इतना जल्दी पानी आ जाएगा। वहां कल्लू समेत कई अन्य लोगों की चूड़ी, माला आदि की दुकान थी। गंगा में पानी बढ़ने पर उन्होंने सड़क से सटे दुकानें लगा रखीं थीं लेकिन अब सड़क तक पानी पहुंच गया है। ऐसे में उन्हें दुकानें हटानी पड़ीं। किला घाट से काली मार्ग तक हर जगह संगम स्नान गंगा का जल स्तर पर बढ़ने से हनुमान मंदिर तथा आसपास के क्षेत्रों का पूरा नजारा ही बदल गया है। चूंकि मूल संगम स्थान पर तेज बहाव है। इसकी वजह से वहां कोई नहीं जा रहा। ऐसे में किला घाट से काली मार्ग तक हर जगह स्नान चालू है तो दुकानें भी सज गई हैं। ऐसे में पूरे क्षेत्र में संगम जैसा नजारा बन गया है। 10 आश्रय स्थल सक्रिय बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। एलर्ट जारी करने के साथ सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में फिलहाल 10 आश्रय स्थल भी सक्रिय कर दिए गए हैं। बस्तियों में पानी घुसने के साथ आश्रय स्थलों में लोगों को शरण दी जाएगी। बघाड़ा में एनी बेसेंट, महबूब अली इंटर कॉलेज, वाईएमसीए, कैंट हाईस्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, डीएवी इंटर कॉलेज, एमएल कान्वेंट, जमुना क्रिश्चियन, डॉ.घोष मॉर्डन स्कूल, चेतना गर्ल्स कॉलेज को राहत शिविर बनाया गया है। इनमें सफाई के साथ अन्य की व्यवस्था की जा रही है। एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह ने बताया कि खाना के लिए सैनिक स्वीट्स से बात हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर खाना मंगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की संख्या बढ़ने पर आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दूषित पानी पीने से बढ़ रही बीमारी : जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

रिपोर्ट अजय सिंह सीतापुर : परसेंडी सीतापुर ग्राम पंचायत मदनापुर में अशोक शुक्ला के दरवाजे पर वर्षों से इंडिया मार्का हैंड पंप दूषित गंदा



पानी दे रहा है घंटो चलाने के बाद थोड़ा–थोड़ा पानी निकलता है जो पानी रखने पर पीला हो जा रहा है मजबूरन लोग पीने के लिए विवश हैं कई लोग दूषित पानी पीने से बीमार हुए और अस्पताल तक उन्हें भर्ती होना पड़ा जिस संबंध में मोहल्ले वासियों के द्वारा खंड विकास अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है फिर भी आज तक खराब हैंडपंप रिबोर नहीं कराया गया चुनावी रंजिशन ग्राम प्रधान हैंडपंप रिबोर नहीं करा रहे हैं नहीं ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी ध्यान दे रहे हैं यदि इसी प्रकार लापरवाही होती रहेगी तो लोगों की जान तक दूषित पानी पीने से जा शक्ति है।

## डॉ सृष्टि वर्मा का चयन यूपीएससी में होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के बेलवार सुजानगंज निवासी फागु लाल वर्मा की पुत्री डॉ श्रृष्टि वर्मा का चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर हुआ. जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल दिखा डॉ श्रृष्टि वर्मा ने असंभव को संभव कर एक साल के अंदर ही एम. बी. बी. एस. की मे चयन और फिर अभी (यू.पी. एस. सी.) की परीक्षा में 122 वाँ स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता और क्षेत्र के साथ साथ पूरी जनपद जौनपुर का मान बढ़ाया.



डॉ श्रृष्टि वर्मा ने बंगलौर में रहकर अपनी शिक्षा का अध्ययन कर एम बी बी एस की परीक्षा पास कर जन सेवा के लिए तत्काल समर्पित हो गई. डॉ श्रृष्टि वर्मा ने कहा कि दो हजार अट्ठारह में एक एक्सीडेंट से मैं पूरा हताश हो गई जिससे एम्स नई दिल्ली में मैं बेड रेस्ट पर हो गई और मैं चल भी नहीं पा रही थी तब मेरी अजीज मित्रों में से एक दोस्त जिनका नाम डॉ सुमन है उन्होंने मुझे हौसला दिया और हमारी मदद की जिसको मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती डॉ सुमन ना होती तो आज मैं शायद ही यहां तक पहुंच पाती जिन जिन लोगों ने हमारा सहयोग किया जैसे मेरा छोटा भाई सर्वेश पटेल आज मैं सबको धन्यवाद देती हूं. ''कामयाब होने के लिए आपको अकेले ही निकलना पड़ता है लोग आपके पीछे तभी चलते हैं जब आप जितने लगते हैं'' और मैं बस इतना ही कहना चाहती हूं कोई भी मंजिल को पाना मुश्किल नहीं है अगर कोई भी चीज सच्ची लगन और मेहनत से करते हैं तो जरूर मिलता है और अगर मैं कर सकती हूं तो दुनिया का कोई भी बच्चा कर सकता है और आज इस सफलता का पूरा श्रेय माता निर्मला देवी पिता फागु लाल पटेल और मामा श्याम जी पटेल साथ साथ गुरुजनों को दिया. ज्ञात हो कि अभी हाल ही में सुजानगंज क्षेत्र ने 1 साल पहले ही महिला आईपीएस अधिकारी के रूप में शालू स्वर्णकार को देश की सेवा हेतु समर्पित किया और आज पूरा इतिहास को दोहराते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में जनता की सेवा हेतु सृष्टि वर्मा को दिया ज्ञात हो कि जनपद जौनपुर में सुजानगंज सबसे अधिक प्रशासनिक सेवा हेतु तमाम अधिकारियों को देश को समर्पित किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**प्रसन्न व्यक्ति वह है जो निरंतर स्वयं का मूल्यांकन एवं सुधार करता है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## न्यायालय आदेश के बाद पृथ्वीनाथ मंदिर महंत पद को लेकर विवाद बढ़ा : 14 पर एफ आई आर : सात गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय गोंडा। न्यायालय ने पृथ्वीनाथ मन्दिर का चार्ज जिलाधिकारी से स्व0 सीताराम गिरि के स्वजन को वापस करने का आदेश दिया।आदेश के बाद उनके स्वजन मन्दिर दर्शन के लिए पहुंचे तो वहां विवाद हो गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची,जहां महिला सहित सात लोगों को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने चार महिला सहित 14 लोगों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा कर साथ लोगों जेल भेज दिया है।मामला खरगूपुर के प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मन्दिर का हैं।यहां मन्दिर के महंत पद को लेकर विवाद चल रहा था।जिस पर न्यायालय ने 4 अप्रैल 2008 को जिलाधिकारी गोंडा को रिसीवर नियुक्त करते हुए मन्दिर का चार्ज लेने का आदेश दिया था।2010 में सीताराम गिरि ने जिलाधिकारी गोंडा को पार्टी बनाते हुए अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय न्यायालय में एक वाद दायर किया जो विचाराधीन था।वाद की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की डबल बेंच ने जनपद न्यायाधीश गोंडा को 2010 में शीघ्र इस वाद को निस्तारित करने का दिशा निर्देश दिया।इसी क्रम में तत्कालीन अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय श्याम विहारी शर्मा ने 6 अगस्त 2010 को उक्त मुकदमा को निस्तारित करते हुए आदेश दिया कि जिलाधिकारी ने सीताराम आदि से रिसीवर होते हुए पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर का चार्ज लिया था,उन्हें वापस करें।आदेश के बाद तत्कालीन डीएम मधुकर द्विवेदी ने उक्त आदेश के विरुद्ध न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर कर दिया।मुकदमे के दौरान सीताराम गिरि का निधन हो गया।जिसके बाद उनके स्वजन मुकदमे की पैरवी कर रहे थे। अपर जनपद न्यायाधीश तृतीय पल्लवी अग्रवाल ने दस अगस्त 2022 को पुर्नविचार याचिका खारिज कर दिया और 6 अगस्त 2010 में अपर न्यायाधीश द्वितीय द्वारा दिए गए आदेश को प्रभावी रखा।स्व0 सीताराम गिरि के स्वजनों को आदेश मिलने के उपरांत रानी गिरि पत्नी स्व सीताराम आदि ने डीएम,एस डी एम, मुख्यमंत्री कार्यालय,प्रमुख सचिव, आयुक्त देवी पाटन मण्डल,पुलिस अधीक्षक गोंडा व थानाध्यक्ष खरगूपुर को रजिस्टर्ड डाक व एस एम एस के माध्यम से प्रार्थना पत्र भिजवाया।आदेश मिलने के बाद उनके पूरे परिवार पृथ्वीनाथ मन्दिर दर्शन करने पहुंचे।जहां दयाशंकर, शिवकुमार,ननके व गुरुचरन से विवाद हो गया।विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।यहां एक ही पक्ष के सात लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गयी आरोपी बनाए गए शोभाराम व रानी गिरी ने पुलिस और प्रशासन पर फर्जी तरीके से मुकदमे में फंसाए जाने का आरोप लगाया है।थानाध्यक्ष कुंवेर तिवारी ने बताया कि दयाशंकर तिवारी की तहरीर पर शोभाराम गिरि,रानी गिरि पत्नी स्व0 सीताराम,शिवकुमार सहित 14 लोगों के विरुद्ध 147, 148, 323, 504, 506, 427, 327, 452 व 34 आई पी सी के तहत मुकदमा किया गया है।जिसमें से चार महिला सहित सात लोगों को न्यायालय भेजा गया है।

## आपका व्यवसाय कर्म के साथ है न कि परिणाम के साथः मनीष नागर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऐसा माना जाता है कि कृष्ण भगवान विष्णु के आठवें अवतार हैं और वे हमें कई तरह से प्रेरित करते हैं। यहाँ पाँच सबक हैं जो हम भगवान कृष्ण के जीवन से सीख सकते हैंः मनीष नागर संस्थापक ओमनी मीडिया हब, प्रैक्टिशनर लाइफ कोच और रणनीतिकार डिजिटल मार्केटर! 1. दोस्ती दोस्ती एक विश्वसनीय दोस्त और एक ठोस रिश्ते पर बनती है। सुदामा और कृष्ण की दोस्ती की कहानी सदियों पुरानी है और फिर भी कई लोगों को प्रेरित करती है। दोनों बचपन के दोस्त थे और उसी आश्रम में मिले जहां उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। साथ ही, कैसे कृष्ण ने सुदामा के पैर धोए और अपने बेचारे मित्र द्वारा खरीदे गए विनम्र प्रसाद को स्वीकार किया, इससे हमें यह समझ में आता है कि कैसे दोस्ती कभी भी जाति, रंग, धर्म के आधार पर नहीं होनी चाहिए। कोई भी सांसारिक सामग्री मित्र की प्रतिबद्धता से बेहतर नहीं है। 2. कर्तव्यों से पीछे न हटें। भगवान कृष्ण ने हमें सिखाया कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने—अपने कर्तव्यों का पालन करना कितना महत्वपूर्ण और आवश्यक है। जब महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन के पैर ठंडे हो गए थे कि वह अपने ही रिश्तेदारों को कैसे मार सकता है, तो कृष्ण ने उन्हें अंतर समझने के लिए कदम उठाया और दुश्मन को कैसे रखा जाना था। अर्जुन ने निभाया अपना कर्तव्य और बाकी है इतिहास! भगवान की शिक्षा को पूरी तरह से समझने के लिए आप भगवद् गीता पढ़ सकते हैं। 3. शुद्ध प्रेमकृष्ण को



सुंदर राधा से प्यार हो गया था। राधा—कृष्ण का प्लेटोनिक प्रेम एक दूसरे के प्रति भक्ति का सर्वोच्च रूप है। गोपियों में कृष्ण का प्रेम या यहां तक कि भगवान का बांसुरी के प्रति गहरा प्रेम यह स्पष्ट करता है कि प्रेम की भावना कितनी शुद्ध होनी चाहिए। 4. काम पर ध्यान दें नतीजों पर नहीं। 'आपका व्यवसाय कर्म के साथ है न कि कर्म के परिणाम के साथ', जिसे भगवद् गीता के कहावत के रूप में भी जाना जाता है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि काम पर ध्यान देना जरूरी है न कि परिणाम। हमें अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी से निभाना है। कर्म महत्वपूर्ण है उसका फल नहीं। 5.हमेशा सही के लिए खड़े रहें। महाभारत युद्ध में पांडवों के साथ इसलिए नहीं खड़े हुए कि वे रिश्तेदार थे बल्कि सिर्फ इसलिए कि वे धर्म के पक्ष में थे।

## फार्मेसी संस्थान में 205 स्मार्टफोन बांटे गए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में 205 स्मार्टफोन का वितरण शुक्रवार को किया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ योजना के तहत टेबलेट/ स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम रखा गया। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस .मौर्य के संरक्षण में वित्त अधिकारी ,संजय कुमार राय परीक्षा नियंत्रक बी.एन सिंह द्वारा बीसीए, फार्मेसी, बीकॉम, बीएससी के छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया गया। इसका आयोजन नोडल अधिकारी डॉ विनय वर्मा ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि मेधावी छात्रों को स्मार्टफोन से काफी मदद मिलेगी। तकनीकी के दौर में स्मार्टफोन और टैबलेट बहुत जरूरी हो गया है । गरीब और ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को इसे खरीदने में काफी दिक्कत होगी। सरकार द्वारा किया गया प्रयास एक अच्छा कदम है ताकि गरीब विद्यार्थियों का उत्थान हो सके। परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने कहा कि स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में काफी उल्लास है। इससे उनको ऑनलाइन क्लास और अपने पाठ्यक्रम के मटेरियल प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस वितरण कार्यक्रम में डॉ राजीव कुमार, विजय कुमार मौर्या, आलोक कुमार मौर्या उग्रसेन यादव अजय कुमार यादव अखिलेश कुमार दिनेश कुमार वर्मा नवनीत कुमार उपस्थित रहे।

## दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा : परिजनों ने पलायन के पोस्टर लगाकर दी ये चेतावनी : पुलिस पर लगाया बड़ा आरोप

मेरठ ब्यूरो : मेरठ जनपद में मेरठ—बागपत मार्ग पर स्थित गांव नंगला जमालपुर में गुरुवार की रात एक दबंग परिवार के युवकों ने अन्य युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि दबंग परिवार के लोग आए दिन उनके साथ मारपीट करते है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। परिवार का कहना है कि अब वे अपने मकान बेचकर गांव ही छोड़कर से चले जाएंगे। पीड़ित परिवार के लोगों ने आत्मदाह करने की भी चेतावनी दी है। ये है मामला गांव नंगला जमालपुर निवासी नरेंद्र प्रजापति समाज से है। उसके पिता रमेश सेना से रिटायर्ड होकर परिवार के साथ रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ दबंग परिवारों के लोग उन पर रौब—गालिब कर आए दिन मारपीट करते है। वहीं गुरुवार की रात को नरेंद्र का पुत्र हर्ष खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर घूम रहा था। इसी दौरान गांव के ही दबंग युवक वहां और हर्ष के साथ गाली—गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने हर्ष को पीट—पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजन उसे आनन—फानन जिला अस्पताल लेकर गए, जहां आईसीयू में उसका उपचार चल रहा है। वहीं घायल युवक के पिता ने छह आरोपियों के खिलाफ जानी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। वहीं शुक्रवार को प्रजापति समाज की महिलाओं और उनके परिजनों ने




कार्रवाई की मांग करते हुए नरेंद्र के मकान के बाहर धरना दिया। उन्होंने कहा कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वे आत्मदाह कर लेंगे। उन्होंने अपने मकानों की दीवारों पर पलायन पोस्टर लगा दिए हैं। इसके अलावा पीड़ित परिवार के लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है। जानी थाना प्रभारी संजय वर्मा के अनुसार पुलिस ने सूचना मिलते ही तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर ली। उन्होंने कहा कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## गोरखपुर यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में मारपीट के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग : कमरों में लगाई आग

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में बुधवार को देर रात दो गुटों में मारपीट के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस दौरान दो छात्रावास के एक—एक कमरों में बदमाशों ने आग भी लगा दी। बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए तीन राउंड फायरिंग की। एनसी हॉस्टल में कैंप कर रही पीएसी भी फायरिंग के बाद हरकत में आ गई। देर रात गोली चलने और आगजनी होने की सूचना पाते ही कैंट पुलिस के साथ एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने इस मामले में वार्डेन की तहरीर पर हिमांशु सिंह और यशपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिमांशु सिंह और यशपल सिंह छात्रसंघ चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। दोनों छात्रावास के कमरों में कब्जा करके रहते हैं। आए दिन इनके बीच टकराव होता रहता है। बुधवार देर रात किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और फिर देखते ही देखते मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के समर्थक जुटने शुरू हो गए। एक पक्ष ने नाथ चन्द्रावत छात्रावास के गेट के अंदर घुसते ही फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से वहां मौजूद छात्रावासी सहम गए और अपने—अपने कमरे का फाटक अंदर से बंद कर लिया। अंधेरा होने के कारण अचानक घुसकर फायरिंग करने वालों की संख्या का पता नहीं चला पा रहा था।

## आजादी की लड़ाई के क्रांतिकारी योद्धा थे मदन लाल धींगरा : डॉ. नितेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत क्रांतिकारी मदन लाल धींगरा की पुण्यतिथि पर गुरुवार को आजादी के गुमनाम नायक : मदन लाल धींगरा विषयक आनलाइन बेविनार का आयोजन हुआ। वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के डॉ. नितेश जायसवाल ने कहा कि मदन लाल धींगरा ने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। डॉ जायसवाल ने कहा कि मदन लाल धींगरा ने लंदन में अपनी पढ़ाई के दौरान अंग्रेज अधिकारी कर्जन वायली की 1 जुलाई 1909 को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके कारण उन्हें 17 अगस्त 1909 को लंदन में ही फांसी की सजा दी गई। मदन लाल धींगरा के योगदान को युगों—युगों तक याद किया जाता रहेगा। युवा उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।



राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा. राकेश यादव ने कहा कि मदन लाल धींगरा ने आजादी के आन्दोलन को क्रान्तिकारी आन्दोलन में बदल दिया था। उन्होंने मदन लाल धींगरा के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत व संचालन डा. शशिकांत यादव ने किया। मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. देवराज सिंह, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डा. अलोक वर्मा, डॉ आलोक दास, सौरभ सिंह, डॉ पूनम व विद्यार्थी शामिल हुये।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सिराज मेहंदी चेयरमैन नियुक्त

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः सिराज मेंहदी की प्रेस वार्ता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल चेयरमैन एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य सिराज मेहदी ने कहा है कि उनकी पार्टी देश में फैले नफरत के माहौल को समाप्त करने और साम्प्रदायिक सदभाव को मजबूत करने के लिए समाज के हर वर्ग से संवाद करेगी , उन्होंने कहाकि कोई भी राष्ट्र




नफरत से नहीं बल्कि सौहार्द और भाई चारे से आगे बढ़ता है । हाल ही में वरिष्ठ नेता शरद पवार की मौजूदगी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद श्री मेंहदी ने ऐलान किया कि नफरत की सियासत के खिलाफ और सांप्रदायिक सदभाव के लिए वह जल्द ही राष्ट्रव्यापी यात्रा कर समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित करेंगे , उन्होंने कहाकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नरेन्द्र मोदी देश की सवा सौ करोड़ आबादी के प्रधानमंत्री हैं इसलिए देश में 80 बनाम 20 प्रतिशत खेल का समाप्त होना चाहिए और हर वर्ग व सम्प्रदाय को एकजुटता के साथ राष्ट्र के रचनात्मक निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपनी पहली प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री गेंहदी ने कहाकि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश का अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम समाज समाजिक , आर्थिक और शैक्षिक रूप से क्यों पिछड़ा है इस पर न केवल केंद्र की बल्कि राज्य सरकारों को भी मंथन करना होगा , आखिर डेढ़ दशक पहले दी गई सच्चर कमेटी की उस रिपोर्ट पर क्यों ध्यान नहीं दिया गया जिसमें मुस्लिम समाज की बदहाली पर आंसू बहाये गए थे । उन्होंने कहाकि मुस्लिम समाज देश की दूसरी बड़ी आबादी है उसे नजरअंदाज कर देश की तरक्की की कल्पना बेमानी होगी । राकांपा नेता ने कहाकि केंद्र और राज्य सरकारों से अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम समाज के बच्चों के लिए हाईस्कूल तक मुफ्त पढ़ाई का इंतजाम करने , मुस्लिम इलाकों में सरकारी स्कूल खोलने , रोजगार में मुसलमानों के हिस्सा बढ़ाने , अल्पसंख्यक बाहुल इलाकों में सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार करने , □ मुस्लिम समाज से जुड़े कुटीर उद्योग वाले शहरों फिरोजाबाद , भदोई . अलीगढ़ , कानपुर मेरठ , अमरोहा , मुरादाबाद , सीतापुर , अम्बेडकर नगर , संभल आदि के पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बैंकों से कम ब्याज दरों पर कर्ज की आसान सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है । उन्होंने कहाकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सर्व धर्म और सर्व समाज की तरक्की के संकल्प के साथ देश को आगे ले जाना चाहती है क्योंकि यह राष्ट्र सबका है इसमें प्रत्येक धर्म और समाज की धड़कन बसती है तभी तो हमारा लोकतंत्र दुनिया में आला मकाम रखता है । 1 , ब्ंददपदह स्ंदम , छमू क्मसीप सिराज मेंहदी ने कहा के अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट का मतलब हमारे देशवासी समझते हैं के सिर्फ मुस्लिम समुदाय ही आता है जबकि इसमें सिख समुदाय आता है क्रिश्चियन समुदाय आता है जैन समाज तथा बुद्धिस्ट समाज आता है । हमें सभी समुदायों को साथ ले के चलना होगा जो हमारे मुल्क का एक खूबसूरत गुलदस्ता है . उसको हम सभी को मिलकर सजाना होगा । यही भारत की पहचान रही है ।

## आज 6200 गोशालाओं में भी धूमधाम से मनाई जाएगी जन्माष्टमी : मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश की 6200 गोशालाओं में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस संबंध में सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी किए हैं। इन आयोजनों में सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद, जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहेंगे। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि सीएम ने पहली बार जन्माष्टमी का उत्सव इन गोशालाओं में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि इसके जरिए प्रदेश के लोग गो सेवा के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझें। सीएम के निर्देश के बाद जन्माष्टमी मनाने की भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। कई गोशालाओं में झांकी बनाने का काम जोर—शोर से चल रहा है। साथ ही सभी गोशालाओं में रंग—रोगन और साफ सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। श्रीकृष्ण का जन्म होते ही मौजूद लोग भगवान की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद गाय को गुड़ खिलाने के साथ सेवा भी करेंगे ताकि आम जनमानस तक गो सेवा का संदेश पहुंच सके। लखनऊ में दोनों उपमुख्यमंत्री करेंगे पूजा अर्चना पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह जन्माष्टमी पर बरेली की गोशाला में पूजा अर्चना करेंगे, जबकि



सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक लखनऊ की गोशाला में होने वाले उत्सव का हिस्सा बनेंगे। मुरादाबाद की गोशाला में मंत्री भूपेंद्र सिंह शामिल होंगे। इसी तरह अपने—अपने क्षेत्रों में मंत्री और विधायक गोशाला में पूजा अर्चना में शामिल होंगे।

## सीएम योगी ने कहा, प्रोजेक्ट लटकाने की प्रवृति स्वीकार नहीं : अधिकारी होंगे जिम्मेदार

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास परियोजनाओं को लटकाने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। विकास परियोजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी, भ्रष्टाचार और अनावश्यक लेटलतीफी की सूचना मिली तो संबंधित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव की जिम्मेदारी तय की जाएगी। विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी को भी बर्दाश्त नहीं किया और जनहित के कार्यों में लापरवाही अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं में बजट पुनरीक्षण की प्रवृत्ति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक बार काम शुरू होने के बाद बजट नहीं बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा को सभी 18 मंडलों में संचालित महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव को बीते पांच माह में विभागों को जारी परियोजनावार बजट, अब तक हुए व्यय का विवरण और अवशेष राशि के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि विकास परियोजनाओं में देरी से न केवल जनता के धन का अपव्यय होता है बल्कि जनहित भी प्रभावित होता है। परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विकास कार्यों के लिए धन का कोई अभाव नहीं है। यह उचित होगा कि परियोजना की महत्ता के अनुसार केंद्र सरकार की कार्यदायी संस्थाओं को भी अवसर दिया जाए। विकास परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार करने वाली संस्था परियोजना के निर्माण के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लें। नए विश्वविद्यालयों की शुरुआत से बदलेगा यूपी का शैक्षिक परिदृश्य निर्माणाधीन राज्य विश्वविद्यालयों के भवनों की समीक्षा करते हुए



मुख्यमंत्री ने कहा, युवाओं को गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा की सुलभ उपलब्धता के लिए सरकार नए विश्वविद्यालयों की स्थापना कर रही है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर, मां शाकंभरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ जैसे प्रोजेक्ट शासन की शीर्ष प्राथमिकता में है। लोनी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट 15 सितंबर तक पूरा करें मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद की नगर पालिका लोनी में सॉलिड़ वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट को हर हाल में 15 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। गाजियाबाद में मंडौला विहार में प्रस्तावित 60 मीटर मास्टरप्लान रोड पर राज्य मार्ग 57 (दिल्ली—सहारनपुर राज्य मार्ग) को पार करने के लिए चार लेन उपरिगामी सेतु के प्रोजेक्ट में आ रही बाधा का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने स्थायी समाधान के लिए मुख्य सचिव को सेतु निगम के साथ बैठक करने के निर्देश भी दिए।

## जुर्म की ऐसी वारदातः जिसने हर किसी को चौंकाया : कातिल पिता ने उगले ऐसे राज : अफसर भी हैरान

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के लिसाड़ीगेट में बेटी शाइना उर्फ सानिया की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। हत्यारोपी पिता शाहिद ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त की रात को बेटी प्रेमी वसीम से मिलने के जा रही थी, तभी उसकी आंख खुल गई। उसने बेटी को पकड़ा और उसका सिर दीवार में मार दिया। वह बेहोश हो गई तो पशु काटने वाले छुरे से गर्दन काट दी। बेटी को शाहिद मार सकता है, इसका आभास मां शहनाज को पहले से था। हत्या के बाद शहनाज पति शाहिद के जुर्म को छुपाने के लिए खामोश रही। वहीं गुरुवार को शाहिद की निशानदेही पर कटी गर्दन को बरामद किया गया। पुलिस ने पिता शाहिद कुरैशी व मां शहनाज को कोर्ट में पेश कर दिया, जहां से दोनों को जेल भेज गया। घंटाघर स्थित एसपी सिटी कार्यालय में एसपी सिटी विनीत भटनागर और सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर लिसाड़ीगेट में हुई शाइना उर्फ सानिया की हत्या का खुलासा कर दिया। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को युवती का सिर कटा शव लिसाड़ीगेट स्थित कब्रिस्तान के पास मिला था। पांच दिन बाद बुधवार को उसकी पहचान शाइना के रूप में हुई। उन्होंने बताया गया कि शाइना के हत्यारोपी पिता शाहिद और साजिश में नामजद मां शहनाज को पुलिस ने मीडिया के सामने पेश किया। एसपी सिटी के मुताबिक, 11 अगस्त को शाहिद और उसकी बेटी शाइना घर पर थे। पत्नी और परिवार के अन्य लोग हापुड़ रोड पर ग्रीन हॉस्पिटल में थे, जहां पर बड़ी बेटी ने बच्ची को जन्म दिया था। पूछताछ में शाहिद ने बताया कि रात में करीब दो बजे बेटी ने घर से जाने दरवाजा खोला था, तभी उसकी आंख खुल गई। शाहिद ने बेटी की हत्या कर दी और शव कब्रिस्तान के पास और गर्दन माधवपुरम स्थित नाले में फेंक आया। नाले से मिली गर्दन, फुटेज में शव ले जाते दिखा शाहिद गुरुवार को पुलिस ने शाइना की गर्दन हत्यारोपी पिता की निशानदेही पर माधवपुरम स्थित नाले से बरामद कर ली। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आरोपी बेटी के शव को ले जाते दिखाई दिया है। जिसको पुलिस ने विवेचना में शामिल किया है। पुलिस के सामने शाहिद ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि पिता शाहिद पर धारा 302, 201 और मां शहनाज को साजिशकर्ता धारा 120 का आरोपी बनाया है। पत्नी से कहा था— गलती की तो आज मार दूंगा। बेटी का वसीम नाम के युवक के साथ प्रेम—प्रसंग चल रहा है, इसकी जानकारी शाहिद को पहले से थी। शहनाज 11 अगस्त की शाम सात बजे बड़ी बेटी के पास अस्पताल में गई थी। घर पर बेटी शाइना और पिता शाहिद था। शाहिद ने पत्नी शहनाज से कहा था कि बेटी को समझा देना कि वह रात में गलती न करे वरना मार दूंगा। बेटी पहले भी कई बार घर छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हुई थी। इसको लेकर शाहिद उससे नाराज रहता था। शाहिद ने पुलिस को बताया कि बेटी की वजह से बदनामी हो रही थी, इसी वजह से मार डाला। मां ने अपने भाई—भाभी को बताई थी हत्या की बात बेटी को शाहिद ने मार दिया है, इसके बारे में शहनाज को 11 अगस्त को ही पता चल गया था। शहनाज ने यह बात अपने भाई और भाभी को फोन कर भी बताया था। जिसका ऑडियो भी पुलिस को मिल गया है। वहीं पुलिस ने बुधवार को शहनाज से पूछताछ की। वह पुलिस से झूठ बोलती रही कि उसे जानकारी नहीं थी। पुलिस ने परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की तो राज खुल गया।

# काशी प्रांत से राममंदिर के लिए 72.26 करोड़ भेजी गई समर्पण निधि

प्रयागराज ब्यूरो : अयोध्या में चल रहे राममंदिर निर्माण के लिए विहिप काशी प्रांत के प्रयागराज स्थित कार्यालय से कुल 72.26 करोड़ की समर्पण निधि भेजी गई। समर्पण निधि में कुल 22.73 लाख लोगों ने अपना सहयोग मंदिर निर्माण के लिए दिया। बृहस्पतिवार को विहिप प्रांत कार्यालय केसर भवन में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की गई। इस दौरान स्वामी वासुदेवानंद और मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी की मौजूदगी में बताया गया कि मंदिर निर्माण के लिए विहिप की ओर से जो रसीद एवं कूपन काटे गए उसका फाइनल ऑडिट हो गया है। दरअसल राममंदिर निर्माण में सभी की सहभागिता हो इसके लिए पिछले वर्ष ही संघ विचार परिवार की ओर से श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र निधि समर्पण अभियान के कूपन एवं रसीद के माध्यम से समर्पण निधि का संग्रह किया गया। हालांकि तब इस बात का खुलासा नहीं हो सका था कि विहिप काशी प्रांत द्वारा मंदिर निर्माण के लिए कितना संग्रह किया गया। उस दौरान 60 करोड़ से ज्यादा की धनराशि मंदिर निर्माण के लिए भेजे जाने का अनुमान लगाया गया था। उसके बाद विहिप की ओर से कूपन, रसीद आदि का ऑडिट करवाया गया। बैंकों में जमा किए जाने वाले चेक आदि को देखे जाने के बाद मंदिर निर्माण में काशी प्रांत की सहभागिता क्या रही, वह बृहस्पतिवार को सार्वजनिक कर दी गई। अभियान में लगे थे 37950 कार्यकर्ता बताया गया कि प्रयागराज समेत काशी प्रांत में आने वाले 26 जिलों में 37950 कार्यकर्ताओं के माध्यम से 72 करोड़ 26 लाख 536 रुपये की समर्पण निधि मंदिर निर्माण के लिए एकत्र हुई।



बताया गया है कि काशी प्रांत में सर्वाधिक 1.25 करोड़ की समर्पण निधि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने दी। बता दें कि नंदी ने पिछले वर्ष 15 जनवरी को अपने आवास में संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख रमेश को सवा करोड़ रुपये का चेक मंदिर निर्माण के लिए दिया था। विहिप मीडिया प्रभारी अश्विनी मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए देश भर से 3300 करोड़ रुपये समर्पण निधि के माध्यम से आए। अयोध्या भेजा गया कूपन और रसीदों का ब्यौरा उधर केसर भवन में आयोजित कार्यक्रम में समर्पण निधि की राशि सार्वजनिक करने के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि समर्पण अभियान के कूपन एवं रसीदों को अयोध्या भेज दिया गया। इस अवसर पर काशी प्रांत के हिसाब प्रमुख रविंद्र मोहन गोयल, विमल प्रकाश, अजय गुप्ता, सुनील सिंह, डा. नरेंद्र कुमार सिंह गौर, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, लालमणि तिवारी, अमित पाठक आदि मौजूद रहे।

# सांप्रदायिक दंगे फैलाने का आरोपी जावेद पंप अभी रहेगा जेल में : हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज के खुल्दाबाद थानाक्षेत्र के अंतर्गत सांप्रदायिक दंगे, पथराव, अराजकता एवं धार्मिक उन्माद फैलाने के मामले के शातिर अभियुक्त जावेद अहमद उर्फ जावेद मोहम्मद की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश रत्नेश कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्त के वकील एवं शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि एवं अखिलेश सिंह विसेन के तर्कों को सुनकर दिया। वादी मुकदमा उपनिरीक्षक दीनदयाल सिंह ने 11 जून 2022 को थाने में रपट दर्ज कराई। आरोप लगाया कि अभियुक्त ने षड्यंत्र करके 10 जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद धार्मिक उन्माद फैलाकर सांप्रदायिक दंगे कराए, आते.जाते राहगीरों पर पथराव एवं पुलिस बल पर पत्थर, बम एवं गोलियों से फायरिंग कराई। इसके अलावा सरकारी गाड़ियों में आगजनी की। इससे पुलिस बल के जवान एवं राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घेराबंदी करके 34 लोगों को गिरफ्तार किया। याची के वकील ने अभियुक्तों को निर्दोष बताते हुए तर्क दिया कि इन्हें गलत एवं



झूठे तथ्यों के आधार पर फंसाया गया है जबकि अभियोजन ने घोर विरोध करते हुए तर्क दिया कि उन्होंने आपराधिक षड्यंत्र करके सांप्रदायिक हिंसा फैलाई है। मामले के तथ्यों, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीर प्रकृति को देखकर कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# प्रयागराज लूटकांड : लुटेरों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश : बाइक राजापुर में मिली 5 कई संदिग्ध हिरासत में

प्रयागराज ब्यूरो : कटरा में मनमोहन पार्क चौराहे के पास बुधवार की शाम लोहे की दो थोक दुकानों से 6.05 लाख की लूट के मामले में बृहस्पतिवार को एक बड़ी सफलता मिली। घटना में प्रयुक्त बाइक राजापुर से बरामद हो गई है। पुलिस आरपियों की खोज में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। अफसरों का कहना है कि जल्द खुलासा हो जाएगा। मनमोहन पार्क चौराहे से म्योहाल जाने वाले रास्ते पर लोहा व्यापारी आरपी गुप्ता और उनके भाई ललित मोहन की दुकान से बदमाशों ने बुधवार की शाम छह लाख पांच हजार रुपये लूट लिए थे। घटना के बाद तीन बदमाश तमंचा लहराते हुए बाइक से मेयोहाल की ओर भाग निकले थे। एसएसपी और एसपी सिटी समेत शहर के तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बदमाशों की खोजबीन शुरू हुई लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। बृहस्पतिवार को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक राजापुर से बरामद कर ली। पुलिस ने अभी इस मामले का खुलासा नहीं किया लेकिन बदमाशों के नाम पता चल गए हैं। उनकी तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने आरपी गुप्ता और ललित मोहन के नौकरों से पूछताछ की। इसके अलावा दुकान के पूर्व नौकरों के बारे में जानकारी ली गई। बृहस्पतिवार को सभी पुराने नौकरों को पकड़ा गया। उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी के मोबाइल कॉल डीटेल्स के अलावा फेसबुक और व्हाट्सएप नंबर की पड़ताल की जा रही है। अब तक के घटनाक्रम से पुलिस को इस बात का यकीन हो गया है कि कहीं न कहीं से मुखबिरी के बाद घटना को अंजाम दिया गया है। ललित मोहन की दुकान पर बुधवार की शाम करीब नौ लाख रुपये थे। संयोग ही था कि उन्होंने बदमाशों के आने से कुछ देर पहले ही रुपये घर पर भिजवा दिए थे। बदमाश पहले ललित मोहन की दुकान पर पहुंचे थे। जब गल्ले में उन्हें सिर्फ पांच हजार रुपये मिले तो उन्होंने दुकान पर बैठे लोगों को जमकर गालियां दीं, इसके बाद वे आरपी गुप्ता की दुकान पर पहुंचे। वहां उन्होंने छह लाख रुपये लूटे। पुलिस को पूरा शक है कि किसी ने बदमाशों को ललित मोहन की दुकान में नौ लाख होने की मुखबिरी की थी। बदमाशों ने जिस तरह अपने चेहरे को ढांक रखा




था, उससे साफ था कि वे कहीं बहुत दूर या बाहर के नहीं हैं। नौकरों के अलावा भी पुलिस ने कई पुराने लुटेरों को पकड़ा है। घटना वाले दिन उनकी लोकेशन पता की जा रही है। इस मामले में कई लोगों से पूछताछ की गई है। कुछ लोगों के कॉल डीटेल्स रिकार्ड्स भी निकाले जा रहे हैं। मुखबिरी के शक में भी कुछ लोगों को पकड़ा गया है। खुलासे के लिए लगाई गईं सात टीमें मनमोहन पार्क के पास लोहे की दो थोक दुकानों से छह लाख पांच हजार लूटने वाले बदमाशों की तलाश में पुलिस की सात टीमें लगाई गई हैं। इसके अलावा क्राइम ब्रांच और सर्विलांस सेल भी बदमाशों की खोजबीन में लगी है। पुलिस की टीमों को अलग अलग काम सौंपे गए हैं। एक टीम सिर्फ हुलिये और कद–काठी पर काम कर रही है। दूसरी टीम नौकरों तथा शक के दायरे में आए अन्य लोगों के कॉल रिकार्ड्स की चेकिंग में जुटी है। तीसरी टीम शहर के पेशेवर लुटेरों की लोकेशन तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ले रही है। अन्य टीमें शक के दायरे में आए लोगों को पकड़कर पूछताछ में जुटी हैं। आईट्रिपलसी के कैमरों से बदमाशों के मूवमेंट की खोजबीन जारी शहर के सभी प्रमुख चौराहे लगे आईट्रिपलसी के कैमरों से बदमाशों के मूवमेंट की खोजबीन की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को इन्हीं कैमरों के माध्यम से बदमाशों के बारे में कुछ सुराग मिले हैं। बाइक सवार बदमाश शहर में एक जगह जाते दिख रहे हैं, लेकिन आगे वाले कैमरे में उनकी लोकेशन नहीं मिली। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बदमाशों ने वहीं आस पास कहीं शरण ली है। पुलिस वाले अभी इस बारे में कुछ नहीं बता रहे हैं।

# ऑपरेशन शिकंजाः 17 साल से दबी थी बाहुबली राजन तिवारी की फाइल : जांच हुआ तो खुला मामला

गोरखपुर ब्यूरो : कोर्ट से राजन तिवारी के खिलाफ 17 साल से वारंट जारी हो रहा था, लेकिन अपने रसूख के बल पर हर बार वह फाइल को दबवा देता था। एडीजी जोन अखिल कुमार को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने छानबीन शुरू कराई। इसके बाद पूरा मामला खुलकर सामने आया और फिर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि एडीजी के आदेश पर ऑपरेशन शिकंजा के तहत राजन तिवारी केस को सूचीबद्ध कर पुलिस कोर्ट में प्रभावी पैरवी करेगी। जानकारी के मुताबिक, एडीजी की जांच में ही राजन पर 1998 में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में जारी गैर जमानती वारंट का भी पता चला। इस मामले में जब अफसरों ने कैंट पुलिस से पूछा तो पता चला कि उन्हें किसी वारंट की जानकारी ही नहीं है। इसके बाद पूरा खेल पकड़ में आया और राजन तिवारी की गिरफ्तारी के लिए सीओ कैंट के नेतृत्व में एसएसपी ने एक टीम बनाई। पिछले एक महीने से यह टीम राजन तिवारी को ट्रैक कर रही थी। बिहार में लोकेशन मिलने के बाद टीम ने बिहार पुलिस की मदद से उसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। डेढ़ किलोमीटर पैदल चलाया पुलिस ने लोगों के मन से माफिया का खौफ खत्म करने के लिए राजन को डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चलाया। छात्रसंघ से कैंट थाने और फिर कोर्ट तक पुलिस उसे पैदल ही लेकर गई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वारंट जारी था। पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। राजन ने की थी एनबीडब्ल्यू पर स्थगन की मांग 12 जुलाई 2022 को गैंगस्टर के मुकदमे में तारीख थी। इस दौरान पूर्व विधायक राजन तिवारी ने अधिवक्ता के जरिए गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के स्थगन की मांग की थी। यह बताया गया था कि राजन तिवारी के 1999 से 2014 तक जेल में रहने के दौरान जारी गैर जमानती वारंट की जानकारी नहीं हो पाई। यही नहीं जिन दो मुकदमों को गैंगस्टर के लिए आधार बनाया गया है उसमें से एक में दोष मुक्त होने तथा एक का विचारण चलने की भी कोर्ट को जानकारी दी गई थी। इस मामले में कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली थी और कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू बरकरार रखा था। गोरखपुर में जन्म और यहीं से की थी अपराध की शुरुआत मूल रूप से गोरखपुर के सोहगौरा गांव निवासी राजन तिवारी की प्रारंभिक



शिक्षा भी इसी जिले में हुई। युवा अवस्था में राजन तिवारी ने अपराध की दुनिया में कदम रख दिया। 90 के दशक के माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला के संपर्क में आने के बाद राजन तिवारी का नाम कई अपराधों में सामने आया। श्रीप्रकाश शुक्ला के साथ जुड़े मामलों में भी राजन तिवारी शामिल रहा, जिससे उसकी गिनती बाहुबलियों में होने लगी। वीरेंद्र शाही पर हमले का आरोपी भी बना था राजन यूपी के महराजगंज की लक्ष्मीपुर विधानसभा सीट से विधायक रहे वीरेंद्र प्रताप शाही पर हमले में भी राजन तिवारी का नाम आया था। इस घटना में माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला और राजन तिवारी समेत चार लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस आपराधिक कृत्य की वजह से राजन तिवारी यूपी पुलिस के लिए वांटेड बन गया था। यही वो वक्त था जब राजन तिवारी ने बिहार का रुख किया और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए राजनीतिक जमीन तलाशने लगा। हालांकि, वीरेंद्र प्रताप शाही पर हमले के मामले में राजन तिवारी 2014 में बरी हो चुका है। बिहार के विधायक की हत्या में आया था नाम राजन तिवारी बहुचर्चित माकपा विधायक अजीत सरकार के हत्याकांड में भी आरोपी रह चुका है। राजन तिवारी के अलावा इस मामले में पप्पू यादव भी सजा काट चुका है। हालांकि, इस मामले में भी पटना हाईकोर्ट ने दोनों को बरी कर दिया था। राजन तिवारी दो बार विधानसभा के लिए चुना गया। वह पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज से लोजपा से विधायक रह चुका है। इसके अलावा राजन तिवारी 2004 में लोकसभा पहुंचने के लिए भी भाग्य आजमा चुका है। नेपाल भागने की फिराक में था राजन, दर्ज हैं 40 मुकदमे गोरखपुर और बिहार में राजन तिवारी के खिलाफ 40 मुकदमे दर्ज हैं। बिहार से वह नेपाल भागने के फिराक में था। इसके पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। राजन को पुलिस ने नेपाल बॉर्डर पर ही पकड़ा है। भाजपा की सदस्यता लेने पर हुआ था विवाद राजन तिवारी पर यूपी और बिहार में 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राजन तिवारी ने लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ली थी, जिसपर काफी विवाद हुआ था।

# दीपोत्सव में बनेगा नया विश्व रिकार्ड : 23 अक्तूबर को जलेंगे 14.50 लाख दीप

अयोध्या ब्यूरो : रामनगरी में छठवां दीपोत्सव इस बार 23 अक्तूबर को मनाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बार दीपोत्सव में एक बार फिर नया विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी है। इस बार सरयू तट पर 14.50 लाख दीप जलाने का लक्ष्य है। मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दीपोत्सव की तैयारियों पर मंथन किया। दीपोत्सव की शुरूआत 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया था। तब से लगातार हर वर्ष दीपोत्सव नए कलेवर में भव्यता का पर्याय बन गया है। सरकार ने दीपोत्सव को प्रांतीय मेला घोषित किया है। हर वर्ष दीपोत्सव में नया विश्व रिकार्ड बना है, इस वर्ष भी 14.50 लाख दीप जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारी है। मंडलायुक्त ने कहा कि इस मेले में अन्य वर्षो की तुलना में बहुत ज्यादा भीड़ होगा क्योंकि वर्तमान में कोविड का असर नही है। इसलिए सभी विभाग आपसी तालमेल समन्वय के साथ बेहतर व्यवस्था के साथ काम करें। सभी निर्माण कार्य को 30 सितम्बर 2022 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाय। आयुक्त ने कहा कि 14 लाख 50 हजार दीप जलाने को कहा गया है। अतः राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी समय से टेंडर की प्रक्रिया को पूरा कर लें। संस्कृति विभाग के अधिकारियों से कहा गया कि भजन संध्या स्थल पर नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाय व बस स्टेशन के निकट सांस्कृतिक मंच में भी नियमित कार्यक्रम कराया जाय। मंडलायुक्त ने 30 सितंबर 2022 तक निर्माण कार्यो की सूची तैयार करने को कहा,



जिससे कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जा सके।बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि स्थाई निर्माण कार्यों में प्राथमिकता दें व मानक के अनुसार कार्यों को गुणवत्ता के साथ समन्वय बनाकर 30 सितंबर 2022 तक पूरा किया जाय। बैठक में नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि नगर में बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था आवश्यक नाली आदि के मरम्मत/निर्माण एवं लाइटिंग आदि की व्यवस्था कराया जा रहा है,समय से पूरा कर लिया जायेगा। इस बैठक में सरयू खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता जय सिंह के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण लेने/वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा,मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, परियोजना निदेशक आरपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नगर, उप निदेशक सूचना डा. मुरलीधर सिंह, उप निदेशक पर्यटन राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## महंत नरेन्द्र गिरि मौत मामले में नैनी जेल में बंद आनंद गिरि चित्रकूट जेल में शिफ्ट

प्रयागराज ब्यूरो : महंत नरेन्द्र गिरि के आत्महत्या के मामले में जेल में बंद उनके पुराने शिष्य आनंद गिरि का नैनी जेल से हटाकर चित्रकूट जेल भेज दिया गया है। गत दिनों उन्होंने अपनी जान का खतरा बताया था। जेल अधीक्षक पीएन पांडे का कहना है कि प्रशासनिक आधार पर जेल स्थानांतरण किया गया है। सुबह 7 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच नैनी सेंट्रल जेल से चित्रकूट रवाना किया गया। आनंद गिरि की जमानत अर्जी की सुनवाई जारी, अब 22अगस्त को होगी सुनवाई अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की खुदकुशी मामले में आरोपी शिष्य आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर सी बी आई की तरफ से बहस जारी है।अगली सुनवाई 22अगस्त को होगी। जमानत अर्जी की सुनवाई इलाहाबाद



हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह कर रहे हैं। सीबीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश ने कोर्ट को बताया कि चार्जशीट दाखिल हो गई है। कोर्ट ने उस पर संज्ञान ले लिया है। याची पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। 22 अगस्त को सुनवाई जारी रहेगी।

# सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दी जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। सीएम कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का धरा पर अवतरण धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए हुआ था। उनका जन्म धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना एवं अधर्म, अन्याय और अत्याचार समाप्त करने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवत गीता के माध्यम से ज्ञान, कर्म एवं भक्ति योग का जो संदेश दिया, उसकी प्रासंगिकता शाश्वत है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए जन्माष्टमी पर्व मनाने की अपील की है। उधर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भी प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश की जनता को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि श्रद्धा, आस्था और विश्वास से परिपूर्ण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का मानव जीवन में विशेष महत्व रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म अर्थात फल की इच्छा किए बिना कर्म करने का संदेश दिया है जो हमारे जीवन में प्रासंगिक है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि जन्माष्टमी का पर्व देश और समाज में सौहार्द, भाईचारे एवं एकता को और मजबूती प्रदान करेगा। सड़क हादसे पर दुख दुख जताया राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गाजियाबाद में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नृत्य नाटिका ने मन मोह लिया

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना)श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के क्रम में पिहानी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनमोहक नृत्य–नाटिका प्रस्तुत की। कक्षा सात के बच्चों में "कृष्णा है... गीत पर शताक्षी सिंह,



सौम्या गुप्ता, कशिश, शिवानी और आराध्या ने भाग लिया।कक्षा पांच के तरुण, दिवांशी, शशि, हार्दिक, हर्षित,श्याम, श्लोक और अभिनव आदि बच्चों ने सुन्दर नृत्य गीत प्रस्तुत किया।मैया यशोदा गीत पर कक्षा एक, दो और तीन के शिवाय, लव, गौरी, दिशा, आराध्या, आयुषी, दर्शना, रैना आदि बच्चों ने भाग लिया।स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर अवधेश रस्तोगी तथा निदेशक कृष्णा रस्तोगी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में वांछित की बिगड़ी हालत

हाथरस ब्यूरो : जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने कोर्ट में पेशी को ले जाने वाले आरोपी की हालत खराब होने पर डॉक्टरी परीक्षण न कर उपचार देना शुरू कर दिया। इस खबर के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस के आलाधिकारियों ने वास्तविकता जानी तो डॉक्टर का आभार जताया। अगर डॉक्टर जरा सी लापरवाही कर जाते तो आरोपी की जान जाने का अंदेशा था, क्योंकि उसका ब्लड प्रेशर बहुत कम था। अस्पताल में ही कोर्ट की सारी प्रक्रिया पूर्ण की गई। सीजेएम भी अस्पताल आईं। कोतवाली हाथरस जंक्शन के गांव केशोपुर निवासी दिनेश की पत्नी मनीषा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कर लिया। पुलिस ने पति दिनेश और सास हरदेवी को पहले ही जेल भेज दिया। इस मुकदमे में वांछित ससुर महेंद्र पुत्र वासुदेव को बृहस्पतिवार सुबह पकड़ा और कोर्ट में पेश करने से पूर्व पुलिस उसको स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। डॉ. पीके श्रीवास्तव ने जांच की तो उसका ब्लड प्रेशर बहुत कम निकला। उसके बाद उपचार शुरू कर दिया। उन्होंने कह दिया की मरीज की जान जाने का खतरा है, इसलिए उपचार दूंगा। पुलिस कर्मियों ने यह खबर अपने उच्चाधिकारियों को दे दी। इसको सुनकर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, सीओ सिकंदराराऊ के साथ जंक्शन कोतवाल प्रभारी भी जिला अस्पताल आ गए। बताया गया की कोर्ट से सीजेएम भी जिला अस्पताल आए और कोर्ट की प्रक्रिया पूर्ण की गई। फिलहाल अभियुक्त का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। कोतवाली हाथरस जंक्शन प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि हत्या के मुकदमे वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाना था, कोर्ट में पेशी से पहले अभियुक्त के स्वास्थ्य की जांच कराई जाती है। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अभियुक्त की तबीयत ज्यादा खराब मिलने पर भर्ती कर लिया गया। इसके बाद कोर्ट की प्रक्रिया जिला अस्पताल में ही पूर्ण हुई। अभियुक्त का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वत्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।